# नव वर्ष पर रांची के पार्क, डैम व फॉल को है पर्यटकों का इंतजार



**रांची।** नव वर्ष 2025 के स्वागत के लिये राजधानी रांची के पार्क, डैम व फॉल सजधज कर तैयार हैं। नये साल के जश्न में बड़ी संख्या में लोग डैम, पार्क समेत अन्य पिकनिक स्थलों पर पहुंचेंगे। 2024 के अंतिम दिन से लेकर वर्ष 2025 की पूरी जनवरी लोगों की भीड़ पार्क,डैम व फॉल में रहेगी। मोरहाबादी स्थित टैगोर हिल एक एतिहासिक स्थल है। रविंद्रनाथ टैगोर के परिवार से जुड़ी स्मृतियों को संजोए हुए है। टैगोर हिल से रांची शहर का मनोरम नजारा नजर आता है। साथ ही संध्या की बेला में टैगोर हिल की ऊंचाई में पहुंच कर डूबते हुए सूर्य का अदभुत नजारा होता है, जिसे देखने के लिए लोगों की हर पल भीड़ उमड़ती रहती है। आज भी कई लोग वहां मौजूद थे। उन्होंने कहा कि डूबते हुए सूर्य के सुंदर नजारे देखने के लिये यहां आये हैं। मोरहाबादी स्थित सिदो कान्हू पार्क में छोटानागपुरी संस्कृति एवं गांव की वास्तविक जीविका को पेंटिंग के माध्यम से उकेरा गया है, जिसे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। यहां बच्चों के लिये कई प्रकार के झुले, फूलों के बगीचे, युवाओं के लिये आधुनिक जिम के यंत्र लगे हैं। बच्चों के लिये दो रेलगाड़ी भी थी, लेकिन खराब पड़ी थी। यदी इसे ठीक करा लिया जाता तो नव वर्ष में पार्क के लिये आमदनी का अच्छा जयिरा बनता। यहां प्रवेश शुल्क बच्चों के लिये 10, बड़ों के लिये 15 रुपये है। ट्रेकर स्टैंड स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क बीच शहर में होने की वजह से यहां आसानी से लोग मनोरंजन के लिये पहुंच सकते हैं। इस पार्क में तालाब, झरने, लंबी सीढ़ियां, खूबसूरत बगिया और बच्चों के झूले लगे हैं।

## नव वर्ष में यहां भी जुटेंगे पर्यटक

नये साल के जश्न में झारखंड समेत बाहर के लोग भी झारखंड के खूबसूरत नजारों को निहारने के लिये पहुंचे हैं। लोग यहां के दसम फॉल, जोन्हा फॉल, हुडरु फॉल, रुक्का डैम, हटिया डैम, सीता फॉल, पंच घाट, रातु पार्क, पतरातु घाटी, जैविक उद्यान समेत अन्य जगहों पर पर्यटन प्रेमी नये साल का जश्न मनाने के लिये बड़ी से बड़ी तादात में जुटेंगे।

## सुरक्षा के लिये मौजूद रहेंगे पुलिस जवान

कई पार्कों के कर्मचारियों ने बताया कि नये साल के जश्न में बड़ी संख्या में लोगों का जुटान होगा। सभी की सुरक्षा के लिये पार्क की ओर से निकट के थानों में पत्र दिया गया है, ताकि नये साल में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। आज भी कई पार्कों में पुलिस बल के जवान सुरक्षा के मद्देनजर घूमते नजर आये।

## शहर के बहुत नजदीक हैं कई पार्क

प्रवेश शुल्क बड़ों के लिये 50, बच्चों के लिये 30 रुपये है। यहां जंपिंग जेट, मिक्की माउस, बोटिंग, जीप आदि की सेवा बच्चे 50 रुपये टिकट के हिसाब से प्राप्त कर सकते हैं। कई लोगों ने कहा यह पार्क को शहर के नजदीक है, बहुत अच्छा भी है, लेकिन महंगा है। कांके रोड स्थित रॉक गार्डेन है। इस पार्क से कांके डैम भी नजर आता है और पार्क भी पत्थरों को तराश कर ऊंचाई में बड़ी जगह पर खूबसूरती के साथ तैयार किया गया है। इसलिये लोग यहां बड़ी संख्या में मनोरंजन के लिये पहुंचते हैं। फूलों का बगीचा, बच्चों के लिये झुले समेत मनोरंजन के कई साधन हैं। इसलिये लोगों का जुटान बड़ी संख्या में होता है। नक्षत्र वन राजभवन के सामने है। इस पार्क में गुलाब फुलों की विभिन्न प्रजातियां तैयार की गई है। यहां लाल, पीले, नीले, सफेद, कई रंग के गुलाबों का संगम दिखेगा। जिसे निहारने के लिये राजधानीवासियों का जुटान इस गुलाब के बगिचे में जुटता है। यहां प्रवेश शुल्क बच्चों के लिये 10, बड़ों के लिये 15 रुपये है।

## पर्यटन स्थलों के आसपास सीएचसी-पीएससी को किया गया अलर्ट


**रांची।** नए साल पर्यटकों को किसी भी आपदा में राहत देने के लिए रांची जिले के पिकनिक स्थलों के आसपास के सभी सीएचसी और पीएसची को अलर्ट कर दिया गया है। पर्यटकों के बीमार पड़ने और किसी की दुर्घटना के शिकार होने पर तत्काल इलाज मिलेगा। रांची सदर अस्पताल और रिम्स को भी अलर्ट पर रखा गया है। उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह ने बताया कि पीएचसी-सीएचसी में तैनात चिकित्सकों के साथ सभी स्टाफ को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। आपात दवाओं को रखने के लिए भी कहा गया है। वहीं, रिम्स पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने कहा, अतिरिक्त स्वास्थ्यकर्मियों को तैनात किया गया है। रोस्टर के अनुसार चिकित्सक और नर्से लगाए गए हैं।

## ट्रैफिक चालान जमा नहीं करने वालों के वाहन किए जाएंगे सीज

**रांची।** अब रांची में आटोमैटिक कैमरे की मदद से ट्रैफिक चालान काटे जा रहे हैं। नतीजा बेपरवाह और बेखबर वाहन चालकों के घरों पर धड़ाधड़ चालान पहुंच रहे हैं। हालांकि जिस तेजी से चालान काटे जा रहे हैं उस औसत में जुर्माने की राशि जमा नहीं हो रही है। लेकिन रांची ट्रैफिक पुलिस पूरी कड़ाई से जुर्माना राशि वसूल रही है। रांची ट्रैफिक पुलिस जुर्माने की राशि जमा नहीं करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसने की तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे चालकों के वाहन को पुलिस अब सीज करेगी। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस की ओर से तैयार शुरू कर दी गई है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से ऐसे वाहन चालकों का डेटा तैयार किया जा रहा है। पहले चरण में वाहन चालकों को जुर्माने की राशि जमा करने के लिए पोस्ट के माध्यम से रिमाइंडर भेजा जा रहा है। इस दौरान चालकों को जुर्माना जमा करने के लिए एक समय दिया जा रहा। लेकिन निर्धारित समय में चालक अगर जुर्माना की राशि नहीं जमा करते हैं तो उनके वाहन का रजिस्ट्रेशन रद्द करने के लिए डीटीओ सूची भेजी जाएगी।

## परीक्षा पे चर्चा के लिए छात्रों और शिक्षकों का पंजीयन अनिवार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



परीक्षा पे चर्चा 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। 14 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। विद्यार्थियों के साथ अभिभावक और शिक्षक भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। प्रधानमंत्री के साथ आयोजित होनेवाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर झारखंड शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के डीईओ को निर्देश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि छठी से 12वीं कक्षा के सभी छात्रों और शिक्षकों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से कराना है। ऑफिशियल वेबसाइट के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन करने के लिए छात्रों, माता-पिता, टीचर्स को अपना पूरा नाम एवं मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी की देनी होगी। विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि रजिस्ट्रेशन की अध्यतन जानकारी एडीपीओ के माध्यम से लेकर विभाग को सूचित करेंगे।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों को इस बार मल्टीपल च्वाइस प्रश्न (एमसीक्यू) दिया गया है। इसके आधार पर प्रधानमंत्री के साथ दिल्ली में होनेवाले कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का चयन होगा। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए अलग-अलग प्रश्न हैं, जिसके आधार पर वे इसमें भाग लेंगे। प्रश्न ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध होंगे। बता दें कि पूर्व में परीक्षा पे चर्चा के लिए निबंध प्रतियोगिता होती थी, जिसके आधार पर प्रतिभागियों का चयन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भागीदारी के लिए की जाती थी। विभाग ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## तुलसी जी की पूजा करने से वातावरण में शुद्धता आती है : साध्वी रेखा

**रांची।** श्री योग वेदांत सेवा समिति और युवा सेवा संघ के तत्वावधान में साध्वी शिष्या रेखा बहन का सत्संग डोरंडा शिव मंदिर महावीर मंदिर धर्मशाला में हुआ। दीप प्रज्वलित करने के बाद सत्संग 12 बजे प्रारंभ हुआ। इसमें साध्वी रेखा बहन ने गुरु महिमा का बखान वेदों के अनुसार किया। उन्होंने कहा कि मंत्र जाप की महिमा सरल शब्दों में बताया। भक्तों ने तुलसी पूजा भी की। तुलसी पूजन की महिमा के बारे में उन्होंने बताया की हर घर में तुलसी की पूजा होती है। तुलसी की पूजा से आसपास का वातावरण शुद्ध होता है। तुलसी को जल देना, दीपक जलाना और धूप जलाने से वातावरण में शुद्धता आती है। गुरु के वचनों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने 25 दिसंबर से लेकर एक जनवरी तक तुलसी पूजन करने का विधान बताया। तुलसी पूजन दिवस 25 दिसंबर को होता है, लेकिन 15 दिन पहले से ही भक्त अलग-अलग मोहल्ले में तुलसी का पौधा बांटने लगते हैं। एक सप्ताह तक कार्यक्रम चलता रहता है। लोग संस्कार भूलकर नए कैलेंडर वर्ष के चक्कर में फंस जाते हैं।

## आत्मा और परमात्मा का संबंध ही जीवन को सही दिशा देता है : निर्मला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हर आत्मा के भीतर ईश्वर प्रदत्त दिव्यता और सामर्थ्य छिपा है। राजयोग का अभ्यास इस शक्ति को जागृत करने का माध्यम है। यह हमें सिखाता है कि आत्मा और परमात्मा के बीच का संबंध ही जीवन को सही दिशा देता है। वर्तमान समय इस संबंध को और गहरा बनाने का है। परमात्मा का स्मरण हमें शांति, स्थिरता और संकल्प शक्ति प्रदान करता है। यह शक्ति हमें हर चुनौती को पार करने और अपने संकल्पों को सकार करने में मदद करती है। ये उद्गार चौधरी बगान, हरमू रोड में केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अभिव्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मानव जाति का अति सूक्ष्म नैसगिंक गुण, कल्पना शक्ति है। जिसमें जीवन का अतीत, आगत एवं अनंत का विश्लेषणात्मक अध्ययन होता है। उसका आपसी सामंजस्य सम्मिलित रहता है जो सृजनात्मक समाधान के अन्तसंबंधों को जीवात्मा के कल्याण हेतु प्रस्तुत करता है। देश और काल एवं परिस्थिति के अन्तर्गत सामाजिक मनोवैज्ञानिक, दार्शनिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में सृजनात्मकता जरूरी है। ज्ञान, विज्ञान एवं मनोविज्ञान के मध्य सकारात्मक संबंध का रहस्य मानवीय चिंतन के परिष्कृत स्वरूप का सुखद परिणाम है जिसमें आवश्यकता अविष्कार की जननी है से आरंभ होकर आत्मानुभूति से परमात्मानुभूति का परमानंद स्वरूप जीवात्मा को प्राप्त हो जाता है। परमात्मा अविनाशी होने के कारण उसका प्रेम भी अविनाशी है। परमात्म प्रेम में ही सच्चा सुख है। वर्तमान समय मनुष्य जिसे प्रेम समझता है वो विनाशी है। जिसके कारण उसमें दुख समाया हुआ है। परमात्मा से सच्चे स्नेह के आधार से ही मानव जीवन सफल हो सकता है।

### बिजय जालान की पुण्य स्मृति में 182 वां निशुल्क भंडारा वितरित

## 1100 श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया व 100 के बीच कंबल वितरित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



182 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 1100 श्रद्धालुओ के बीच वितरण किया गया। भगवान के दरबार में भोग लगाते हुए भजन गायन कर भोग लगाया। आश्रम परिसर मे आये हुए सभी श्रद्धालुओं ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 182 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में बिमला जालान, मनीषा जालान,दिलीप जालान एवं राजु तोदी ने बिजय जालान की पुण्य स्मृति के अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गयी।

भंडारे के प्रसाद में पुडी, कचोडी,आलु बैगन,फुल गोभी टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवम मिठाई में केसरीया जलेबी,आलुचप एव मिक्चर का पैकेट सभी आये हुए श्रद्धालुओं को विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, निर्मल छावनिका, विशाल जालान, बिष्णु सोनी, सुरेश भगत, मनीष जालान, शिव भगवान अग्रवाल, एचएन मौर्या, ओम प्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, संजय, चन्द्रदीप साहु, महेश वर्मा, हरीश कुमार, परमेश्वर साहु एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) एवं मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

## कड़ाके की ठंड में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने बांटे कंबल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



कड़ाके की ठंड को देखते हुए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान कंबल वितरण कार्यक्रम के तृतीय चरण में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर, पुंदाग मे असहाय निर्धन एवं जरूरतमंदों को 140 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन ने कहा की सर्दी के मौसम मे गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण करने से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य कार्य नहीं है। सम्मेलन द्वारा विगत कई वर्षों से जनसेवा की तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कंबल वितरण किया जा रहा है। जरूरतमंदों को राहत दिलाने में हमेशा तत्पर रहता है।

जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं, इसकी जितनी सेवा करें कम है। इनकी सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। सम्मेलन द्वारा निरंतर जन सेवा के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गो के लिए मदद पहुंचाना है। कंबल मिलने पर सभी ग्रामीणों ने बहुत ही खुशी जाहिर की। कार्यक्रम मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के उपाध्यक्ष पवन पोद्दार, विनोद जैन, सुरेश अग्रवाल,अनिल कुमार अग्रवाल, मनोज चौधरी,सज्जन पाड़िया, विजय अग्रवाल,अनूप अग्रवाल, ललित पोद्दार,अजय डीडवानिया अशोक लाठ, प्रदीप बाजोरिया, सुनील पोद्दार, मीना अग्रवाल के अलावे अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी।

### आज / कल




## जुबिली वर्ष 2025 'आशा के तीर्थयात्री' का उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पुरूलिया रोड स्थित संत मरिया महागिरजाघर चर्च में रविवार को जुबली वर्ष 2025 आशा के तीर्थयात्री का उद्घाटन किया गया। अध्यक्षता पल्ली पुरोहित आनंद डविड खलखो ने किया। अगुवाई आर्चबिशप विसेंट आइंद ने किया। जुबिली वर्ष के लिए विशेष क्रूस का निर्माण किया गया। जिसकी बनावट सामान्य क्रूस से भिन्न है। यह देखने में क्रूस झुका हुआ है। नीचे का हिस्सा जहाज के लंगर के समान है। जो जीवन के हलचल में एक ठहराव प्रदान करने का प्रतीक है। चार प्रकार का रंग रखा गया है। जिसमें लाल, पीला, हरा, और नीला रंग शामिल है।

चार व्यक्ति एक के पीछे एक क्रूस पकड़े हुए हैं। जो संपूर्ण मानव जाति का प्रतिनिधित्व करती है। परंपरा को बनाए रखते हुए संत पिता फ्रांसिस ने वर्ष 2025 को अपने पत्र द्वारा जुबिली वर्ष घोषित किया। जिसका शीर्षक है आशा के तीर्थयात्री-आशा निराश नहीं करता। संत पिता फ्रांसिस ने स्वयं वैटिकन में संत पीटर महागिरजाघर में इसका उद्घाटन किया। फ्रांसिस ने विश्व के सभी कैथोलिक धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष एवं महाधर्माध्यक्षों को पवित्र परिवार के पर्व दिन इसी अध्यादेश का पालन करने कहा।

तीर्थयात्री के प्रतीक के रूप में अपने हाथों में मोमबत्ती लिए क्रूस के पीछे जुलुस में विश्वासी गिरजाघर में प्रवेश किये। इसके पश्चात मिस्सा बलिदान आयोजित किया गया। मौके पर कैथोलिक महाधर्मप्रांत के महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद, संत मरिया गिरिजा घर के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो, सहायक पुरोहित फादर जॉर्ज मिंज, फादर नीलम तिडू, फादर इजेकिएल टोप्पो, फादर दीपक बाड़ा, फादर असीम मिंज समेत अन्य मौजूद थे।

## सासाराम से ला कर ब्राउन शुगर बेचते थे दो सगे भाई गिरफ्तार

**रांची।** ब्राउन शुगर और एक देसी पिस्टल के साथ शनिवार को गिरफ्तार हिमांशु यादव उर्फ लालू यादव नाम के तस्कर के साथ पुलिस ने उसके सगे भाई सुशांत यादव उर्फ विक्की यादव को भी दबोचा है। दोनों आरोपी बिहार के रोहतास जिले के सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचते हैं। दोनों को लाह कोठी अमरूद बागान मैदान से पकड़ा गया था। यह जानकारी सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को दी। इनके पास से 20 पुड़िया ब्राउन शुगर भी मिली। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि दोनों सासाराम की भाभी से ब्राउन शुगर खरीदते हैं। नशीले पदार्थ को सड़क मार्ग से रांची लाते हैं और पुड़िया बनाकर बेचते हैं।

# न्यूज बॉक्स

## फणीश्वर नाथ रेणु सेवा संघ ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** फणीश्वर नाथ रेणु सेवा संघ की ओर से रविवार को एचईसी के सेक्टर तीन में केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में झारखंड के पूर्व उप वाणिज्य कर आयुक्त संजय कुमार राव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जीवन भर उन्होंने मानवता की सेवा की। समाज के लोगों की एकजुटता एवं विकास के लिए उनके किये योगदान व प्रयास को भुलाया नहीं जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा में संगठन के सचिव विजय प्रसाद, मुख्य संरक्षक प्रहलाद चंद्र मंडल, महेश प्रसाद, एसएन मंडल, जयप्रकाश, अशोक, विजय किशोर, बमशंकर, अनिल, मुन्ना राय, ओंकार कुमार समेत कई सदस्य एवं समाज के लोग शामिल हुए।

## देवी मंडप में महोत्सव पर 351 सुहागिनें उतारेंगी आरती, सुहाग पिटारा का वितरण दो को

**रांची।** देवी मंडप भक्त परिवार की ओर से एक जनवरी को 12वां महोत्सव सह महाआरती का आयोजन किया जाएगा। देवी मंडप परिसर में इस मौके पर 351 सुहागिनें देवी मां की आरती उतारेंगी। आयोजन कमेटी की ओर से महोत्सव मां भगवती का मनोहारी श्रृंगार, श्री सत्यनारायण पूजन और खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर कमेटी की ओर से रात आठ बजे से महाभंडारा बंटेगा, जिसमें भक्तों के बीच प्रसाद वितरित होगा। कमेटी के लाल आशुतोष नाथ ने बताया कि महाआरती में पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होने वाली सुहागिनों के बीच सुहाग पिटारा का वितरण दो जनवरी को किया जाएगा। महोत्सव से पूर्व 31 दिसंबर को शाम सात बजे से भोले की फौज से जुड़े शिव भक्त मां के दरबार में भजनों की लड़ियां प्रस्तुत कर हाजिरी लगाएंगे।

## आरटीई के 2019 के संशोधन को रद्द किए बिना मान्यता के लिए नहीं करेंगे आवेदन : पासवा

**रांची।** पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) का मिलन समारोह सह बैठक रविवार को दशम फॉल में आयोजित की गई। बैठक में पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड के निजी विद्यालय आरटीई 2019 के संशोधन को रद्द किए बिना मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं करेंगे। कहा कि उच्च न्यायालय से झारखंड के निजी विद्यालयों को स्टे आर्डर प्राप्त है कि सरकार मान्यता के लिए निजी विद्यालयों के साथ पीड़क कार्रवाई नहीं कर सकती है। ऐसी स्थिति में झारखंड के निजी विद्यालय को पुनः मान्यता के ऑनलाइन आवेदन के लिए बाध्य करना उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। बता दें कि दो दिन जिला स्तर पर बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक ने निजी विद्यालयों को मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का निर्देश दिया था। आलोक दुबे ने कहा कि कोई भी विद्यालय मान्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं करेगा। अगर सरकार बाध्य करेगी, तो हम सड़क पर उतरेंगे।

## फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन

**रांची।** शिव शक्ति मेडिसिंस एवं लूपिन डायग्नोस्टिक सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में पिस्कामोड़ में फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। रांची के जाने-माने सुप्रसिद्ध डॉक्टर आरपी जायसवाल ने 39 मरीजों का निःशुल्क जांच की गयी। मौके पर डॉक्टर जायसवाल ने कहा प्रारंभिक अवस्था में मरीज अपनी बीमारी ना छुपाए, तुरंत नजदीकी डॉक्टर से संपर्क करें। बीमारी को पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है। सुमित कुमार ने कहा कि सामाजिक दायित्व के तहत फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन होते रहेगा । जरूरतमंद लोग शिव शक्ति मेडिसिंस में संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शक्ति मेडिसिंस के निदेशक सुमित कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्र क्लब चिकित्सा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा ने किया।

## सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष बने इम्तियाज आलम




**रांची।** सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश कमेटी का चुनाव रविवार को डोरंडा परसटोली स्थित इसलहिया कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुआ। मतदान दिन के 11 बजे से दोपहर 3 तीन बजे तक चला। मतगणना में आये परिणाम, जिसमें अध्यक्ष पद के इम्तियाज आलम रामगढ़, उपाध्यक्ष पद के इमरान सिद्दीकी चतरा से, सचिव पद के फिरोज अहमद उर्फ गोल्डन गढ़वा से, सह सचिव पद के मो मुस्तकीम डाल्टनगंज से एवं कोषाध्यक्ष पद के असगर आलम पलामू से निर्वाचित हुए। यह चुनाव सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी रांची जिला के सदर अफजल आलम और मो नवाब सिद्दीकी की देखरेख में हुआ। प्रदेश कमेटी के गठन के उपरांत 21 लोगों को एग्जीक्यूटिव बोर्ड के लिए चुना गया। साथ ही रांची के सदर अफजल आलम को प्रदेश कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। मुख्य रूप से इम्तियाज आलम, शमशुल होदा, सनोवर आलम, तोहिद आलम का अहम योगदान रहा। चुनाव ऑब्जर्वर टीम में इम्तियाज आलम धनबाद, असीम जफर हजारीबाग, मो जिसान बरही, मक्सूद आलम रांची, हाजी अकरम शामिल थे।

## राजधानी की प्रमुख सड़कों पर लगेगी डेकोरेटिव लाइटें

**रांची।** राजधानी की प्रमुख सड़कों को सजाया-संवारा जायेगा। इसकी शुरूआत कचहरी-मेन रोड से की जायेगी। सड़कों पर डेकोरेटिव लाइटें लगा कर खूबसूरत बनाया जायेगा। वहीं, सड़क पर बने डिवाइडर का डिजाइन बदल कर उस पर आकर्षक पौधे भी लगाये जायेंगे। बाद में शहर की अन्य प्रमुख सड़कों को भी इसी तर्ज पर विकसित किया जायेगा। नगर विकास सचिव सुनील कुमार ने रांची नगर निगम व जुडको के अधिकारियों को इससे संबंधित निर्देश दिया है। सचिव ने कचहरी चौक, जुडको कार्यालय, नियोजन कार्यालय, लाइन टैंक रोड होते हुए चडरी रोड से अलबर्ट एक्का चौक तक के पुनर्विकास की योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। उक्त सड़क को यातायात व आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए योजना बनाने की आवश्यकता बतायी। सड़क के पुनर्विकास का प्रस्ताव जल्द देने को कहा। श्री कुमार ने राहगीरों के लिए बनाये गये फुटपाथ को आरामदायक बनाने का भी निर्देश दिया। फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कर वहां आकर्षक लाइटिंग का इंतजाम करने को कहा। लोगों की सुविधा के लिए सड़कों पर उचित दूरी चिह्नित कर शौचालय और ट्रैफिक बूथ का भी निर्माण कराने का निर्देश दिया।

## जगरनाथपुर बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर




**रांची।** धुर्वा स्थित जगरनाथपुर बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। झालसा के निर्देश पर 90 दिवसीय जागरुकता और आउट रिच कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के द्वारा शिविर लगाया गया। इसका मार्गदर्शन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची ने किया। सहायक एलएडीसी रांची शिवानी सिंह ने नालसा असंगठित मजदूर के लिए विधिक सेवा योजना पर प्रकाश डालते हुए असंगठित क्षेत्र के मजदूर के निबंधन के संबंध में जानकारी दी। शिवानी ने मजदूरों को निबंधन करने के बाद मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। साथ ही नालसा ने बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2015 के संबंध में विस्तार से बताया। बाल विवाह, बाल श्रम, डायन प्रथा आदि कुप्रथाओं की रोकथाम व उन्मूलन के बारे में भी जानकारी दी। डालसा से मिलने वाले निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी और सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया बताई। उपस्थित लोगों के बीच पीएलबी ने नालसा की योजना से संबंधित पंप्लेट व पुस्तिका का वितरण किया। मौके पर पिंकू कुमारी, संगीता देवी, सूरज मुंडा, अरविंद कुमार, पीएलबी व डीएलएसए रांची मौजूद थे।

## एक नजर

### पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार, एक युवक घायल

अनगड़ा। अनगड़ा-गेतलसूद मार्ग पर गांधीग्राम के पास एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना रविवार की दोपहर लगभग ढाई बजे की है। घटना में कार सवार गोंदलीपोखर निवासी सूरज महतो घायल हो गया। घायल का इलाज सीएचसी अनगड़ा में किया जा रहा है।

### मिट्टी काटकर बेचने से खेल मैदान खतरे में



**मुरी।** सिल्ली हल्माद पंचायत भवन के पश्चिमी भाग का खेल मैदान मिट्टी काटने से मैदान के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है।यह जमीन बेझाटांड के नाम से जाना जाता है यहां समय समय पर मेला एवं खेल कूद कार्यक्रम आयोजन होता है।यह जमीन सरकारी गैर मजुरुआ जमीन है पंचायत भवन एवं खेल मैदान लेकर 5 एकड़ 29 डीसमील जमीन है। मिटटी खनन माफिया द्वारा ईंट बनाने में किया जा रहा है। इसके लेकर पंचायत प्रतिनिधियों को शिकायत दर्ज कराई गई है।

### सहायक अध्यापक के निधन पर शोक

**गावां, गिरिडीह।** गावां प्रखंड स्थित सेरुआ निवासी सहायक अध्यापक उमेश प्रसाद यादव का शनिवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले 20 वर्षों से कुरची उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पदस्थापित थे। उनके निधन पर शिक्षक जगत में शोक की लहर है। वे अपने पीछे 3 पुत्री और 2 पुत्र समेत पूरा भरा परिवार छोड़ चले गए। रविवार को उनके निधन की सूचना पर सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष अनिल यादव घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने सरकार से अनुकंपा पर परिवार के किसी सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। कहा कि परिवार को ईपीएफ की राशि भी मिलनी चाहिए। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लिलो रविदास समेत कई शिक्षक उपस्थित थे।

### प्रमुख ने जनवितरण का किया निरीक्षण

**बिरनी गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के मंझिलाडीह (सारंडा) गांव में डीलर सरिता देवी के खिलाफ राशन वितरण में अनियमितता को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने हंगामा किया था। ग्रामीणों का आरोप था कि डीलर द्वारा नवंबर माह का राशन दिए बिना दिसंबर माह का राशन वितरित किया जा रहा है। इस मामले की सूचना ग्रामीणों ने बिरनी प्रमुख और माले के वरिष्ठ नेता रामु बैठा को दी। रविवार को बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने डीलर सरिता देवी के केंद्र पर पहुंचकर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और डीलर को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने राशन का नियमित और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उनकी उपस्थिति में कार्डधारियों को राशन वितरण शुरू किया गया। प्रमुख ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि अगर पदाधिकारियों की मिलीभगत से कोई डीलर गरीबों के अधिकारों का हनन करेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

### पेसा कानून से बाहर हो चुके हैं धर्मांतरित : सरना संगठन

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि ईसाई समाज के बुद्धिजीवी मंच, कई जनप्रतिनिधि पेसा नियमावली व कानून में बदलाव लाने का लगातार कथित तौर पर प्रयास कर रहे हैं। इसी वजह से वे समाज के बीच पी पेसा कानून का उल्लेख कर रहे हैं, लेकिन पी पेसा का कानून में कहीं जिक्र नहीं है। करमटोली में धुमकुड़िया भवन में रविवार को प्रेस वार्ता में आदिवासी सरना विकास समिति धुर्वा के अध्यक्ष मेघा उरांव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, रवि प्रकाश उरांव, हिंदुवा उरांव, जगन्नाथ भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

हैकिंग डिवाइस मिलने के बाद से उन कांटाघरों को बंद कर दिया

# कांटाघर बंद हो जाने से कोयले का रोड सेल हुआ प्रभावित



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सीसीएल एनके एरिया के कांटाघरों के सीलबंद मषीन में हैकिंग डिवाइस मिलने के बाद से उन कांटाघरों को बंद कर दिया गया है। कांटाघर बंद हो जाने से कोयले का रोड सेल प्रभावित हो गया है। केडीएच कांटाघर के डिस्प्ले को रिमोट से प्रभावित करने के मामले को लेकर सीआईएसएफ के द्वारा खलारी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। अब पुलिस के अनुसंधान तथा कोर्ट के आदेश के बाद ही इस कांटाघर में ट्रकों का वजन किया जा सकेगा। इसके अलावा सीसीएल मुख्यालय के ईएंडटी टीम के द्वारा जांच के दौरान रोहिणी और चूरी कांटाघर के मशीन में हैकिंग डिवाइस पाए जाने के बाद से इन्हें भी बंद कर दिया गया है। रोहिणी से कोयला का रोड सेल लंबे समय से बंद है। परंतु केडीएच व चूरी में ई आक्शन के जिन बीडरों ने कोयले की खरीदारी की है, उन्हें कोयले के उठाव में परेशानी हो गई है। उन्हें तय सीमा में कोयला नहीं उठ पाने का भय सता रहा है। इधर डकरा कांटाघर में कोयला के रोड सेल के लिए ट्रकों की लंबी कतार लगी रही। डकरा कांटाघर में स्क्रैप ट्रक का वजन नहीं हुआ है इसलिए अभी तक इसके मशीन की जांच नहीं हुई है। सीसीएल के ईएंडटी जीएम एसके सिंह के अनुसार एरिया के सभी कांटाघरों का जांच होना है। केडीएच कांटाघर के जांच के लिए एनके एरिया सुरक्षा अधिकारी द्वारा खलारी थाना में आवेदन दिया गया है ताकि कोर्ट से अनुमति की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## खुले बाजार से ऊंची कीमत पर की गई स्क्रैप की बीडिंग

एनके एरिया से स्क्रैप के ई आक्शन में खुले बाजार की कीमत से अधिक की बोली लगाई गई। 41 हजार रूपए प्रति टन के दर से स्क्रैप की खरीदारी की गई है। जबकि जानकारों की माने तो खुले बाजार में स्क्रैप की कीमत 32 हजार से 33 हजार रूपए प्रति टन है। जीएसटी के साथ खरीदारी करने पर प्रति टन ढाई हजार रूपए और कम कीमत हो जाएगा। प्रति टन करीब दस हजार रूपए अधिक कीमत देकर खरीदारी करना ही शंका पैदा करता है। स्क्रैप के खरीदारों ने इतना अधिक बीडिंग किया कि दूसरा कोई बीडर इतना अधिक कीमत नहीं दे सकता है। सीसीएल के संबंधित अधिकारी भी स्क्रैप की कीमत से अनभिज्ञ नहीं होगे। नियम के अनुसार सबसे अधिक बोली लगाने वाले को ही स्क्रैप दिया जाएगा। इस पूरे प्रकरण में यही हुआ भी। परंतु अब जबकि मशीन के अंदर हैकिंग इलेक्ट्रानिक डिवाइस और रिमोट से कांटाघर के डिजिटल डिस्प्ले मशीन को हैक करने का मामला का भंडाफोड़ हो गया है तब इस साजिश की सूई सीसीएल मुख्यालय से लेकर एरिया तक के संबंधित अधिकारियों की ओर भी जाता है। इतने बड़े मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए।

### किशोर कुणाल के निधन पर बाबूलाल ने जताया शोक

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री मरांडी ने कहा कि स्व. कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।

### ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेगी

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु ब्लॉक लिया जाएगा अतः ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर - हटिया एक्सप्रेस, यात्रा प्रारंभ 30 दिसंबर एवं तीन जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल - पुरुलिया - कोटशिला - मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल - गुंडा बिहार - मूरी होकर चलेगी।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं सीनियर जूडो प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** झारखंड जूडो संघ की राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं सीनियर प्रतियोगिता जीडी गोयंका स्कूल नामकुम में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी , झारखंड जुडो संघ के सचिव परीक्षित तिवारी, कांके विधायक सुरेश बैठा, अविनाश कुमार, श्री कमल किशोर, जीडी गोयंका विद्यालय के चेयरमैन मदन सिंह ,जीडी गोयंका के वाइस प्रेसिडेंट अमन कुमार सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और अपना कीमती समय निकाल कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उनका उत्साह वरदान किया। यह प्रतियोगिता दो दिन चली और इसमें लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया और पदक अपने नाम किया इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले बच्चे आगामी नेशनल प्रतियोगिता के लिए दिल्ली में होने वाले सीनियर नेशनल और महाराष्ट्र पुणे में होने वाले सब जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेंगे और राज्य का मान बढ़ाएंगे।

### गुरुकुल को हरा कर सोनेट बना चैंपियन



**रांची।** खूंटी में खेली जा रही हैं बी डिवीजन क्रिकेट लीग फाइनल मैच में रविवार को सोनेट ने गुरुकुल को 107 रनों से हरा दिया। सोनेट पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 ओवर में 191 रन बनाकर ऑलआउट हो गया। इसमें प्रथम ने 35 रन बनाया ओर चंदन ने 33 रन एवं कृष ने 26 रनों का पारी खेला, गुरुकुल के तरफ से चिराग,अनिकेत और रविशन ने 2/2 विकेट लिया, दूसरी पारी खेलने उतरी गुरुकुल टीम ने 24 में 84 रन बनाकर ऑलआउट हो गया जिसमें रोहित गिरी ने 23 रन बनाया एवं अभिनव ने 15 रन बनाया, सोनेट के तरफ से मिहिर माही ने 4 विकेट लिया परमेश्वर और चंदन ने 2/2 विकेट लिया जिसमें सोनेट बुंडू के मिहिर माही को मैन ऑफ द मैच का पुस्कार दिया गया,जिसमें उपस्थित थेः-खरउअ मैनेजिंग कमिटी मेम्बर अवधेश कश्यप, केडीसीए कार्यकारणी अध्यक्ष कृष्णा मोहन, विकास मिश्रा, देवा हस्सा, चंचल भटचार्य, रढ गौतम, आशिफ,सोनू महतो, जितू,अहसान, शिव,पंकज जी यदि उपस्थित थे।

### बोकलादह मेला समिति की बैठक संपन्न



**मुरी/सिल्ली।** बोकलादह मेला को लेकर हरिडीह,हाकेदाग एवं पीपरदाग के ग्रामीणों के बीच रविवार को सुबह 7 बजे मेला को सफल बनाने हेतु लखीचरण बेदिया की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखें तथा मेला का संचालन हेतु सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। मेला का संरक्षक बानेश्वर महतो, अध्यक्ष लखीराम बेदिया, उपाध्यक्ष उपेन बेदिया, कोषाध्यक्ष तारकेश्वर गोराई, उपकोषाध्यक्ष मृत्युंजय बेदिया, सचिव अजय कुमार महतो, उप सचिव अजीत बेदिया को बनाया गया। इस मौके पर गोपाल मंडल, अनुज कुमार महतो, गिरधर महतो, देवचरण गोराई, विश्वनाथ बेदिया, कुलदीप महतो, कपिल साहु, ठाकुरदास बेदिया, लखीदास बेदिया, कामेश्वर बेदिया, धीरेंद्र बेदिया, दीपक महतो, प्रमोद बेदिया, सृष्टि धर महतो,हरे नारायण बेदिया, श्रीपद बेदिया, दीनबंधु महतो, लंबोदर महतो, भुनेश्वर महतो, गुप्तेश्वर महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### वाहन चेकिंग अभियान चला



**मुरी।** शनिवार को मुरी ओपी ने झारखंड मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे दर्जनों दुपहिया वाहनों जांच में त्रुटि पाया गया और जब्त किया गया, ज्यादा तर बगैर हेलमेट के थे। थाना प्रभारी कुंदन सिंह ने बताया कि यह अभियान नया साल तक चलेगा।

### मारवाड़ी धर्मशाला में कान्हा मेला का आयोजन



**सिल्ली।** शनिवार को सिल्ली मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वावधान में मारवाड़ी धर्म शाला में वृन्दावन कान्हा मेला का आयोजन किया गया जिसमें कान्हा के विभिन्न अलौकिक झांकी ,राधा कृष्ण श्रृंगार ,भजन कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया गया जिसमें कृष्णा के विभिन्न विभिन्न मुद्राओं को आध्यात्मिक रूप से दिखाया गया है। मेला में मां वैष्णवी स्टाल भी लगाया गया। जिसके कारीगर मनोज मंगल भी सक्रिय सहयोग रहा। आयोजन महिला मारवाड़ी मंडली में मारवाड़ी समुदाय के मीना जलान, पुष्पा अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल,शारदा अग्रवाल आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

### सिल्ली पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर रविवार के दिन थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। गुजरने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की इंश्योरेंस, आरसी बुक, ड्राइविंग लाइसेंस एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच अवर निरीक्षक रवि कुमार वर्मा कर रहे थे। जिन वाहनों का कागजात सही पाया गया उन्हें मौके पर छोड़ दिया गया एवं जिनके कागजात अधूरे पाए गए उनके वाहनों को थाना लाया गया। इस संबंध में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि अभियान अभी लगातार चलता रहेगा ताकि सड़क दुर्घटना में कमी लाया जा सके। उन्होंने लोगों से अपील किया कि सभी वाहन मालिक अपने समुचित कागजात साथ लेकर चले एवं वाहन चलाते समय यातायात नियमों का संपूर्ण पालन करें। जीवन बहुमूल्य है इसलिए नशा पान करके वाहन न चलाए। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें ताकि आप सुरक्षित यात्रा कर सकें। इस मौके पर सशस्त्र बल भी मौजूद रहे।

### इटकी में समपार फाटक खोलने के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन के पास रविवार को सैकड़ों ग्रामीण बंद समपार फाटक खोलने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ विभाग के डीआरएम के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर आरपीएफ के अधिकारी स्थल पर पहुंचकर स्थिति पर नजर रखे हुए थे। इस बीच एक तरफ का समपार फाटक टूटा नजर आया तो दूसरी तरफ का खुला था। ग्रामीण समपार फाटक से आना-जाना कर रहे थे। वहीं ट्रैक पर ट्रेनें गुजर रही थी। लगभग दिन के एक बजे सैकड़ों ग्रामीण हाथों में तख्ती लेकर रेलवे स्टेशन के पास एकत्र हुए और समपार फाटक के पास धरना पर बैठ गए। ग्रामीण समपार फाटक खोलने का नारा लगा रहे थे। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। पूर्व मंत्री बंधु तिर्की लगभग चार बजे धरना-प्रदर्शन स्थल पहुंचे और समपार फाटक का मुआयना करने के बाद आंदोलनकारियों की समस्याएं सुनी और लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत से फोन पर बात की। दोनों नेताओं के बीच विभाग के डीआरएम से मिलने पर सहमति बनी। सोमवार को सांसद सुखदेव भगत और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ग्रामीणों की एक टीम के साथ डीआरएम से मिलकर समस्या का उपाय निकालेंगे। ग्रामीणों को आश्वासन देने के बाद बंधु तिर्की चले गए। आंदोलनकारी ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक समपार फाटक नहीं खोला जाता है तबतक आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञात हो कि शनिवार को समपार फाटक खोलकर जेसीबी मशीन से गढ्ढा खोद रहे रेलवे कर्मियों को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया था। जिससे समपार फाटक घंटों खुला रह गया था। बाद आरपीएफ के अधिकारियों ने रेलवे समपार फाटक बंद कर दिया था।

### जैन मुनि सुयश सागर पहुंचे खूंटी, लोगों ने किया भव्य स्वागत

**खूंटी।** मुनि श्री सुयशसागर जी महाराज रांची से मंगल विहार होते हुए रविवार को खूंटी नगर में मंगल प्रवेश हुआ, जहां खूंटी के जैन धर्मावलंबियों ने पूरे हर्ष उल्लास के साथ गुरुवर का स्वागत किया। इसके लिए नगर में जगह-जगह गुरुवर के स्वागत के लिए तोरणद्वार बनाये गये थे। गुरुवर के भक्तों के जरिये उनके आवास और प्रतिष्ठान के पास उनका पद प्रक्षालन कर आरती उतारी गई। मुनिराज ने खूंटी नगर में पिपरा टोली, नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक, डाक बंगला रोड, भगत सिंह चौक होते हुए कर्रा रोड श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व मुनि सुयश सागर जी महाराज के सानिध्य में खूंटी के जैन मंदिर में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया गया था।

# सिंङबोंगा की स्तुति से बढ़ती है श्रद्धा-भक्ति : धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
मुरहू के बालोः गांव में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति का ग्यारहवां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। लुथडू मुंडा, विश्राम मुंडा और मंगरा बारजो की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंङबोंगा की पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई। मौके पर धर्मगुरु बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि सिंङबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति और श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम एवं भाईचारा की भावना पनपती है। इससे लोभ, लालच एवं अहंकार जैसी बुराइयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है। उन्होंने कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं। हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम एवं भाईचारा के साथ रहना चाहिए। सिङबोंगा की स्तुति के साथ मनुष्य, जीव-जंतु एवं सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है। इस अवसर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरा है। वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया, बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहे। आज हम उसी धर्म-संस्कृति एवं जल-जंगल-जमीन के संरक्षण के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं। अतः सरना कोड के लिए महापुरुषों से संकल्प लेकर डटकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, मादू बारला, डॉ सीताराम मुंडा, बिरसा कंडीर, करमू हेमरोम, बिरसा तोपनो, चोंगे मुंडा, किरण मुंडा, दुलारी बारला, सुनील गुड़िया, सुमित गुड़िया सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए।

### मोरहाबादी के चौपाल से मंत्री जी ने पूछा कैसा चल रहा है इलाज

**रांची।** मोरहाबादी के चौपाल से इस अस्पताल की एक खबर कम से कम समाचार पत्रों में आ ही जाती है। आज खबर थी निरीक्षण में मंत्री जी ने पूछा कैसा चल रहा है इलाज? हमेशा की तरह मरीजों का जवाब, नहीं मिल रहा इलाज, दवा भी बाहर से लानी पड़ती है। दिलचस्प खबर यह कई साल बाद कई परीक्षाएं पास करके करीब 45 अभ्यर्थियों को नौकरी मिलने वाली थी, उसका कार्य वहां चल रहा था, किसी ने मंत्री जी को कहा कि बाहरी लोगों को यहां नौकरी नहीं मिलनी चाहिए, बरियातू के ही लोगों को नौकरी मिलनी चाहिए। मंत्री जी ने भर्ती को रद्द करवा दिया। बहुत खूब बाहरी भीतरी की परिभाषा में एक दिलचस्प परिवर्तन आया। पहले कि परिभाषा में था झारखंड राज्य और बाहरी राज्य का या आदिवासी गैर आदिवासी, अब मोहल्ले के अनुसार परिभाषा, बरियातू का यानि स्थानीय बरियातू से बाहर यानि बाहरी हो गया? एक दिन ऐसा आएगा जब नेताई करने वाले बोलेंगे की मेरे घर वाले और रिश्तेदारों के अलावा सब बाहरी है?

## उमरा हज करके अपने वतन लौटे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
सिल्ली अजहरी उमरा ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा चार सदस्यों का दल हज उमरा करने सऊदी अरब के मक्का शहर पहुंचे जहां पर सभी हाजियों ने काबा शरीफ की तोवाफ की सफा मरवा का दौड़ लगाया और उमरा मुकम्मल की। उसके बाद सभी हाजियों ने मक्का शहर के अराफात मैदान की जियारत की उसके बाद सभी हाजी मक्का से मदीना के जियारत के लिए निकले और मदीना शरीफ में अल नबवी में नमाज अदा की जन्नतुल बकि जंग गए बदर की जियारत की। मक्का और मदीना शरीफ में सभी हाजियों ने अपने वतन अपने गांव की खुशहाली के लिए दुआएं की।सभी हाजियों के चेहरे में खुशी से साफ झलक रही थी। मदीना शरीफ से अपने वतन को लौटे सभी हाजी । जद्दा एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली पहुंचे जहां से झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस से सभी हाजी मुरी रेलवे स्टेशन पहुंचे मुरी स्टेशन पहुंचते ही सभी हाजियों गुलाम सरवर फातिमा बीबी मकसूद आलम वहीदा बेगम को मुरी स्टेशन पर फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया गया मिलने वाले लोग सलीम अंसारी कलीम रही कादरी कलाम अंसारी तैयब अंसारी महमूद अंसारी इमरान अंसारी मोहम्मद सिकंदर रुखसाना बेगम तरन्नुम खातून जरीना बेगम अक्लिमा खातून मेहर परवीन हलीमा बेगम आमना परवीन मुस्कान अनवर तबस्सुम आरा नामांज आलम मोहम्मद नवाजुद्दीन महबूब अंसारी मोहम्मद अनीस आलम मोहम्मद वकील अमजद खान शहजाद अहमद मो सैकुल नसरुद्दीन मोमिन शाहनवाज आलम आदि मौजूद शामिल हैं।

# सिकिदिरी में ऑटो पलटने से एक ही परिवार के आठ लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता। अनगड़ा**
सिकिदिरी के हुंडरू फॉल मार्ग में डॉक्टर मोड़ आने जाने वाले वाहनों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। रविवार को रांची से पर्यटकों को लेकर हुंडरू फॉल जा रहा एक ऑटो डॉक्टर मोड़ अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना रविवार को दिन के तीन बजे की है। इस घटना में कुल आठ लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को रिम्स भेज दिया गया है। घायलों में कठर मोड़ रांची निवासी शंकर कुमार, उनकी पत्नी मनीषा देवी, पुत्र निशांत कुमार और महिला अनिता देवी शामिल हैं। शेष अन्य चार घायलों का इलाज स्थानीय चिकित्सकों से कराया गया है। सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को एंबुलेंस से रिम्स भेजा।

**प्रशासन और जनसेवी संस्थान ने सड़क पर बनवाया ब्रेकर :** सिकिदिरी थाना की पुलिस और जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी के सहयोग तीखे मोड़ से पहले ब्रेकर का निर्माण करवाया है। सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि आए दिन डॉक्टर मोड़ पर घटनाएं हो रही हैं। नववर्ष पर वाहनों के भीड़ को देखते हुए ब्रेकर बनाया गया है, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इधर जनकल्याण समर्पण संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार सोनी ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से मोड़ से पूर्व चेतावनी बोर्ड लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक जनवरी को संस्थान के 50 वोलेंटियर फॉल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था और वाहन पार्किंग में प्रशासन का सहयोग करेगा।

**जानलेवा साबित हो रहा डॉक्टर मोड़ :** डॉक्टर मोड़ पर इसी महीने में कई घटनाएं हो चुकी हैं। 21 दिसंबर को कोडरमा से हुंडरू फॉल जा रही स्कूली बस पलटने से दो दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए थे।

# राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कुमुदनी कुल्लू शादी के बंधन में बंधी




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिले के केरसई प्रखंड अंतर्गत बासेन कुम्हार टोली वासी राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कुमुदनी कुल्लू सिमडेगा जिला के ही तामड़ा निवासी अमित सोरेंग के साथ शादी के बंधन में बंधी। कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य के लिए कई पदक जीत चुकी कुमुद्नी कुल्लू वर्तमान में सीमा सशत्र बल में कार्यरत है और अभी भी इसी टीम से राष्ट्रीय प्रतियोताओ में भागीदारी करती है, जबकि उसके पति झारखंड पुलिस में कार्यरत है। करंगागुड़ी चर्च में धार्मिक रितिरिवाज से विवाह के उपरांत उसके घर में सारे कार्यक्रम हुए। विवाह कार्यक्रम में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, पैंखरासियुस टोप्पो, टिंटस बड़ा, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अल्फा केरकेट्टा, जूनियर भारतीय महिला टीम की सदस्य सह कुमुदनी की छोटी बहन नीरू कुल्लू, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मक्सीमा एक्का, रंजिता मिंज, अल्बिना तिर्की, इभा केरकेट्टा, रेशमा सोरेंग ,निक्की कुल्लू, एलिन डुंगडुंग, रोशनी डुंगडुंग,राहुल तिर्की, समीर डुंगडुंग,सहित कई राष्ट्रीय हॉकी सामिल होकर वर वधु को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी ने वर वधु को गिफ्ट स्वरूप पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## खूंटी के पर्यटन स्थलों पर उमड़ा सैलानियों का सैलाब

**खूंटी।** आंग्ल वर्ष के अंतिम रविवार को खूंटी जिले के विभिन्न पयटन स्थलों में पिकनिक का लृत्फ उठानेवाले सैलानियों का सैलाब उमड़ पड़ा। पेरवांघाघ, पांडूपुड़िंग, पंचघाघ, रानी फझ्ॅल,रेमता डैम, चंचला घाघ, कोरो संगम, स्पतधारा सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भीड़ का आलम यह था कि लोगों को अपने दो पहिया और चार पहिया वाहनों को पार्क करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला आदि जगहों के लोग पिकनिक मनाने पहुंचे।पेरवांघाघ में सैलानियों ने बोटिंग का मजा लिया। पर्यटन मित्रों ने यहां देसी बोट का निर्माण किया है।

# अपने प्राकृतिक सौंदर्य से अपनी ओर लुभा रहा है पर्यटन स्थल सातकोठा





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** वर्ष 2025 दस्तक देने वाला है,लोग सन् 2024 को अलविदा कहने और सन् 2025 के स्वागत की तैयारी करने लगे हैं। इधर जिले के पर्यटन स्थलों में हसीन वादियां प्रकृति प्रेमियों को आवाज देने लगी है। युवा वर्ग में नए वर्ष के स्वागत को लेकर उत्साह है। यहां नववर्ष में सीमावर्ता राज्य ओडिशा और छत्तीसगढ़ से भी सैलानियों के आने का सिलसिला लगा रहता है। नए वर्ष में लोग अपने परिवार अपने दोस्तों के साथ अलग-अलग जगह पर जाकर पिकनिक का आनंद उठाते हैं ऐसे तो सिमडेगा की धरती के चारों ओर प्रकृति ने एक से बढ़कर एक पर्यटन स्थल दिए हैं। इसके अलावे प्रखंड के कई प्राकृतिक स्थल लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। जलडेगा के कोनमेरला पंचायत का सतकोठा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल में एक है। जहां प्रकृति का लुत्फ उठाने नववर्ष पर हजारों की संख्या में पर्यटक आते हैं। सतकोठा पर्यटन स्थल लुढ़गी नदी पर है। जहां बड़े से चट्टान को नदी की धार ने काट कर सात कुआं बना दिया है, जिससे नदी बहकर आगे जाती है। पर्यटन स्थल केचारों ओर जंगली पेड़, पहाड़ अलग छटां बिखेरते है। जबकि जिला मुख्यालय से सतकोठा की दूरी 40 किमी है। यहां पर अपनी पर्वत सुंदरता की वजह से लोग पिकनिक मनाने के लिए आते हैं और एक अनुकूल वातावरण में परिवार के साथ आनंद लेते हैं प्रत्येक वर्ष 9 वर्ष से लेकर मकर संक्रांति से पूर्व तक लगातार यहां पर सैलानियों का तांता लगा रहता है। लोग यहां पर पिकनिक का आनंद उठाते हैं ,इधर विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस वहां पर मौजूद रहती है ताकि किसी प्रकार से लोगों को कोई भी परेशानी उत्पन्न हो। वहीं शाम होने की वजह से यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि कौन से सही नहीं है इसीलिए शाम 5:00 के बाद इस क्षेत्र से पिकनिक मना कर लोगों को लौटने की प्रशासन अपील करती है।

## प्राकृतिक आपदा के 59 पीड़ितों के बीच में 1 करोड़ 17 लाख रुपए दिया गया मुआवजा

नवीन मेल संवाददाता

- सड़क दुर्घटना में 36 मृतकों के बीच 01 लाख रुपए प्रति पीड़ित के अनुसार 36 लाख रुपए मुआवजे का भुगतान किया किया गया

**सिमडेगा।** सिमडेगा वर्ष 2024 शांतिपूर्ण रहा लेकिन कई ऐसी घटनाएं घटी जिससे कि लोगों की जान गई। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रकृति आपदा, सर्प दंश और सड़क हादसों से हुई क्षति के लिए सरकार की ओर से मुआवजा का प्रावधान है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में मुआवजा दिया जाता है। सिमडेगा में जिला प्रशासन के तरफ से इस वर्ष 59 पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया गया। बताया गया कि 59 पीड़ित परिवारों के बीच एक करोड़ 17 लाख 5 हजार 500 रुपए का मुआवजा दिया गया। सिमडेगा में वज्रपात जैसी प्राकृतिक आपदा से इस वर्ष कई मौत हुई। इसके अलावा वर्ष भर सर्पदंश के कहर ने लोगों की जान ली है। सड़क दुर्घटनाओं में भी इस वर्ष कई मौतें हुई है। ऐसी प्राकृतिक आपदा, सर्पदंश और सड़क दुर्घटना आदि में हुई क्षति के लिए सरकार के तरफ से राहत स्वरूप पीड़ित परिजनों को मुआवजा देने का प्रावधान है। जिसके तहत अलग अलग कैटेगरी के अनुसार मुआवजा की अलग-अलग राशि तय की जाती है। सिमडेगा जिले में इस वर्ष वज्रपात से 3 मृतक के आश्रितों को 4 लाख रुपए प्रति पीड़ित के अनुसार 12 लाख रुपए मुआवजा दिया गया। इसी तरह वज्रपात से मृत 3 मवेशी मालिकों के बीच 105500 रुपए का मुआवजा दिया गया। वहीं सर्पदंश मृत 11 मृतकों के आश्रितों के बीच चार लाख प्रति पीड़ित के अनुसार 44 लाख रुपए मुआवजा दिया गया। वहीं सड़क दुर्घटना में 36 मृतकों के आश्रितों के बीच 01 लाख रुपए प्रति पीड़ित के अनुसार 36 लाख रुपए मुआवजे का भुगतान किया किया गया। इसी तरह जलाशय में डूबने से 3 मृतकों के आश्रितों के बीच 4 लाख रुपए प्रति पीड़ित के अनुसार 12 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया। अपर समाहर्ता ज्ञानेंद्र ने कहा कि प्राकृतिक आपदा, सड़क दुर्घटना, सर्प दंश आदि घटनाओं में मृत लोगों के परिजनों को मुआवजे का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि इसके लिए थाने में प्राथमिकी और पोस्टमार्टम करवाना आवश्यक है।

## अटल पार्क में बच्चों के लिए कई एक्टिविटी गेम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर बच्चों के मनोरंजन के लिए अटल पार्क को विकसित किया जा रहा है। रविवार को अटल पार्क में बच्चों के लिए कई प्रकार की एक्टिविटी गेम का आयोजन हुआ। जिसमें कई बच्चे शामिल हुए और पूरे उत्साह के साथ भाग लिए। बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, इन आउट गेम, क्विज प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया। इसके अलावा एक्टिविटी में भाग लेने वाले सभी बच्चों को कुछ ना कुछ उपहार दिया गया। पार्क संचालक ने बताया कि छुट्टी के इस मौसम में प्रतिदिन संध्या 4:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक बच्चों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा।

## डूमरडीह में ट्रांसफार्मर खराब होने की वजह से 1 साल से बंद है पावर सब स्टेशन

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** सरकार जहां एक और ग्रामीणों को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बिजली बिल माफ कर दिया इसके अलावा 200 यूनिट तक की बिजली बिल फ्री किया है ताकि लोगों को निर्बाध तरीके से बिजली मिल सके और लोग परेशान ना लेकिन बिजली विभाग की उदासीनता की वजह से आज भी कई जगहों पर बिजली नहीं पहुंच पाई है और जहां बिजली पहुंच गई है वहां पर भी लोग परेशान है ।प्रखड के डुमरडीह पावर सबस्टेशन एक वर्ष से खराब है। पहले कुरडेग प्रखण्ड मुख्यालय सबस्टेशन से डुमरडीह, कुटमाकच्छार के सुदूर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की जाती थी ।लम्बी दूरी के कारण लगातार ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में काफी परेशानी होती थी जिसे लेकर सरकार कुरडेग से काट कर डुमरडीह पावर सबस्टेशन का निर्माण विद्युत विभाग द्वारा कराया गया और सुचारू रूप से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र विद्युत बहाल किया, लेकिन डुमरडीह पावर सबस्टेशन से ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामिणों को कुछ दिनों तक विद्युत सप्लाई की गई ।कुछ समय बाद डुमरडीह पावर सबस्टेशन किसी फाल्ट के कारण पिछले एक वर्ष से खराब पड़ा है ।पावर सबस्टेशन की खराबी को विभाग द्वारा दूर ना कर फिर से विद्युत विभाग के अधिकारी यों द्वारा पुनः कुरडेग मुख्यालय पावर सबस्टेशन से ही डुमरडीह, कुटमाकच्छार ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत बहाल कर दी गई और आज डुमरडीह पावर सबस्टेशन बंद पड़ा है। पावर सबस्टेशन परिसर में झाड़ियों के बीच पड़ी है। पावर सबस्टेशन में लाखों रुपये की खर्च बाद भी पिछले एव वर्ष मरम्मत की बाट जोह रही है।

## शौण्डिक समाज की होने वाले सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर भवन में आगामी 5 जनवरी को शौण्डिक समाज की ओर से होने वाले वार्षिक सम्मेलन सह विवाह परिचय कार्यक्रम को लेकर होटल अपर्णा पैलेस में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के द्वारा की गई इस मौके पर 5 जनवरी को नगर भवन सिमडेगा में होने वाले सम्मेलन को लेकर अंतिम समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तय की गई और कार्यक्रम के दिन होने वाले सभी प्रकार के कार्यक्रम को लेकर मिनट 2 मिनट शेड्यूल निर्धारित किया गया तथा यहां पर वैवाहिक परिचय कार्यक्रम का भी आयोजन के साथ-साथ मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को भी सम्मानित की जाएगी।

## श्रीराम चंद्र के राज तिलक के साथ संपन्न हुई नौ दिवसीय श्री राम कथा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** राम जानकी मंदिर परिसर सिमडेगा में मारवाड़ी महिला मंडल के तत्वधान में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा रविवार को कथावाचक आचार्य वासुदेव गौतम द्वारा श्रीराम के राजतिलक के साथ संपन्न हुई। कथा के अंतिम दिन रामरेखा बाबा की कथा में शामिल हुए। इस अवसर पर हवन यज्ञ व भंडारा लगाया गया। हवन यज्ञ में समस्त श्रद्धालुओं व सदस्यों ने संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चारण से आहुति डालकर समाज, परिवार की सुख शांति के मन्नतें मांगी। कथावाचक ने कहा कि गाय भगवान को प्रिय है। जो व्यक्ति इनसे प्रेम करता है उस पर भगवान प्रसन्न होते हैं। गायों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। संगीतमयी राम कथा के अंतिम दिन केवट प्रसंग, राम भरत मिलाप, भगवान राम के द्वारा भक्तों का उद्धार, लंका का दहन, रावण का अंत, राम के राजतिलक के प्रसंग पर कथा सुनाई। कथा के समापन पर राम राज्याभिषेक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रोता भजनों की धुन पर झूम उठे। उन्होंने कहा कि प्रभु को प्रकट करने के लिए समय स्थान स्थिति नहीं बल्कि समर्पण होना चाहिए। अंत में राम द्वारा लंका पर विजय की कथा भगवान श्री राम की अयोध्या वापसी का प्रसंग सुनाया। इस दौरान श्रोताओं ने श्री राम के नाम के जयकारे लगाये। अंत में समस्त श्रद्धालुओं के बीच मारवाड़ी युवा मंच द्वारा भंडारा लगाकर प्रसाद वितरीत किया गया।

## अवगा से कुंदूरमुंडा सडक निर्माण का किया निरिक्षण

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के अवगा से कुंदूरमुंडा तक सडक निर्माण का प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेटा एवं उप प्रमुख आमंत्रण मांझी ने रविवार को निरीक्षण किया। बताया कि यह सडक निर्माण मे गुणवत्ता का ख्याल रखते हुए निर्माण किया जा रहा है। इसमें। मटेरियल अब तक सही डाला जा रहा है। संवेदक से बात करते हुए कहा कि किसी तरह कि कोई समस्या होने पर हरसम्भव मदद किया जायगा। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो इसका ध्यान रखें इसके साथ ही काम करने वाले मजदूरों का शोषण ना हो उन्हें सरकार द्वारा तय किए गए दर के हिसाब से कार्य मजदूरी मिले ताकि उन्हें किसी प्रकार से कोई भी परेशानी ना हो।

## सफलता के बीच चोरी की घटना को नहीं रोक पा रही है पुलिस

**सिमडेगा।** वर्ष 2024 जिला पुलिस के लिए चिंतारहित रहा। पूरे साल कोई बड़ी अपराध की घटना नहीं घटी है। पुलिस के द्वारा कई लंबित मामलो का भी निष्पादन किया गया है। कुछ असुलझे मामले भी हे जिसमें सदर थाना क्षेत्र के गरजा शंख नदी में बही छात्रा का शव आज तक पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दिसम्बर माह में जलडेगा पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान पशु तस्कर ताहिर मियां की गिरफ्तारी भी बडी. उपलब्धि है। ताहिर मियां टुपुदाना ओपी में पदस्थापित ओपी प्रभारी संध्या टोप्पो की हत्या का आरोपी था।

## हमारी सांस्कृतिक विरासत है, परंपरा को रखना है बरकरार : मंगल

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के सरंगापानी में रविवार को पूस मेला का संपन्न हो गया। मेला में साथिया म्यूजिकल ग्रुप द्वारा नागपुरी सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें क्यूब अब्बास, बिंदेश्वरी देवरी, दामिनी कुमारी आदि गायक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत की प्रस्तुति कर श्रोताओं में समा बांधने का काम किया और मंच के नीचे नाचने को मजबूर कर दिया। पूस मिला समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने कहा कि मेला को गांव में जातरा के नाम से जानते हैं और जातरा यात्रा शब्द से बना है। निश्चित रूप से जातरा हमारी संस्कृति सभ्यता का विरासत है। इस प्राचीन परंपरा को हमें बरकरार रखना है। कहा कि गांव में जब खेती किसानी का काम समाप्त हो जाता है तब अपने सगे संबंधियों, रिश्तेदारों के घर मेहमानी करने के लिए यात्रा यानि जातरा की शुरुआत हुई है। इसी जतरा में हमारे पूर्वज पुराने रिश्तेदारों के घर सामूहिक रूप से मिलते हैं और नए रिश्तेदारी के लिए संवाद का आदान प्रदान करते हैं। इस सांस्कृतिक विरासत को संजों कर रखना है। उन्होंने रंगमंच के कलाकारों को बधाई देते हुए पारंपरिक गीत संगीत नृत्य के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजन समिमि के अध्यक्ष फिरनाथ सिंह, संरक्षक अर्जुन सिंह, संजय सिंह, सिकंदर प्रधान, महिपाल लोहरा, अजय सिंह, बीरेन्द्र लोहरा ने मंगल सिंह भोगता का माला पहनाकर व बैच पहनाकर स्वागत किया। मेला में काफी संख्या में लो शामिल हुए।

## बानो पुलिस ने बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर चलाया वाहन जांच अभियान

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सुरक्षा एवं बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर बानो थाना गेट एवं दुर्गा पहाड़ी मंदिर के पास एएसआई अशोक कुमार राम के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। अधूरे कागजात रहने पर चार वाहन चालकों का चालान काटा गया ।जांच के दौरान वाहन के इन्सुरेंस , ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की गई साथ ही बिना हेलमेट के वाहन चालकों को सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी देते हुए कहा गया कि बिना हेलमेट के बाईक चलाते हुए पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाही कि जाएगी, टेम्पू चालको को ओवर लोडिंग एवं आगे महिला को बैठाकर वाहन नहीं चलाने की चेतावनी दी गई। कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने को कहा गया ।जांच के दौरान पुलिस बल के जवान तैनात रहे।

### प्रभु यीशु के जन्म के 2025 वर्ष पर हुआ पवित्र जुबली वर्ष का उद्घाटन

## विशप की अगुवाई में निकाली गई शोभायात्रा सिमडेगा और कोलेबिरा विधायक हुए शामिल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** ईसाई मान्यता के अनुसार हर 25वें साल को जुबली वर्ष के रूप में मनाने की परंपरा रही है। इसी के मद्देनजर प्रभु यीशु के जन्म के 2025 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को सिमडेगा के संत अन्ना महा गिरजाघर के तत्वधान में पवित्र जुबली वर्ष उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी भी शामिल हुए। कैथोलिक चर्च वर्ष 2025 को जुबली वर्ष के रूप में मनायेगा। पोप फ्रांसिस द्वारा बीते 24 दिसंबर की शाम वेटिकन में एक प्रतीकात्मक अनुष्ठान में संत पेत्रुस महागिरजाघर का द्वार खोलकर जुबली वर्ष की घोषणा की गई थी, जिसका आदर्श वाक्य है आशा के तीर्थयात्री। बताया गया कि इस वाक्य के जरिये पोप ने मसीह में आध्यात्मिक नवीनीकरण और आशा की ओर आह्वान किया है। इसी के मद्देनजर सिमडेगा संत अन्ना महा गिरजाघर के तत्वधान में विशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में पवित्र जुबली वर्ष का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम से पवित्र क्रूस की शोभायात्रा निकाल कर की गई। विशप विंसेंट बरवा की अगुवाई में निकली गई इस शोभायात्रा में पवित्र क्रूस और बाइबल को सजे हुए वाहनों में लेकर हजारों महिला पुरुष लेकर संत अन्ना महागिरजाघर तक गए। जिसमें सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी शामिल हुए। जहां विशप विंसेंट बरवा द्वारा पवित्र क्रूस की स्थापना कर विशेष अनुष्ठान किए गए। कार्यक्रम को लेकर फादर शैलेश केरकेट्टा ने कहा कि ईसाई मान्यता के अनुसार हर 25वें साल को जुबली वर्ष के रूप में मनाने की परंपरा रही है। अगला साल यीशु मसीह के दुनिया में आगमन का 2025 वां साल भी होगा, इस लिहाज से जुबली वर्ष हमारे लिये विशेष महत्व रखता है। यह पवित्र वर्ष भी होगा और हमारे लिये अनुग्रह का समय भी। अगले वर्ष हमें आध्यात्मिक नवीनीकरण और ईश्वर के साथ पुनर्मिलन के लिए विशेष तैयारी करनी है। सिर्फ ईश्वर ही नहीं, बल्कि मनुष्यों के साथ भी मेल मिलाप की कोशिशें करनी हैं। इसके तहत 24-26 जनवरी तक विश्व समुदाय के लिए जुबली कार्यक्रम होंगे। 8-9 फरवरी तक सेना, पुलिस और सुरक्षाकर्मियों के लिए प्रार्थना की जायेगी। 15 से 18 फरवरी तक कलाकारों और 21-23 फरवरी तक डीकनों के लिए प्रार्थना होगी। मार्च में 8 से 9 मार्च तथा 28 से 30 मार्च तक भी प्रार्थना और कार्यक्रम होंगे। अप्रैल में बीमारों तथा स्वास्थ्यकर्मियों के लिए, 25 से 27 अप्रैल तक किशोरों के लिए और 28 से 29 अप्रैल तक दिव्यांगों के लिए प्रार्थना होगी। इस तरह से पूरे वर्ष भर अलग-अलग तिथियों में कार्यक्रम होते रहेंगे। महा गिरजाघर में विशप विंसेंट बरवा द्वारा अनुष्ठान के बाद पवित्र क्रूस सिमडेगा के सभी पारिशों तक जाएगी। जहां लोग अपने अपने तरीके से इस जुबली वर्ष कार्यक्रम को सेलिब्रेट करेंगे। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी इस कार्यकम में शामिल होकर इस जुबली वर्ष को लेकर सभी को शुभकामनाएं दी।

## बीरू हाई स्कूल मैदान में अहीर यादव समाज की ओर से वार्षिक सम्मेलन का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** बीरू हाई स्कूल मैदान में अहीर यादव समाज की ओर से रविवार को वार्षिक सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण के तस्वीर पर दीप जलाकर तथा उनके समक्ष पूजन करते हुए किया गया। वहीं इस मौके पर मंच संचालन कुंवर गोप के द्वारा की गई ,मौके पर समाज के विभिन्न जगहों से आए हुए वक्ताओं ने समाज के उत्थान से संबंधित कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला साथ ही कहा गया कि अहीर यादव समाज कुरीतियों की वजह से उठा नहीं कर पा रहा है । आप सभी को आगे आने की आवश्यकता है और समाज उत्थान में सहयोग करनी है ।बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ानी है इसके अलावा बेरोजगारी तथा नशापन आदि समस्याओं को लेकर भी चर्चा किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जहां पर झारखंड के कई बड़े कलाकारों को आमंत्रित किया गया था, इस दौरान एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत करते हुए उपस्थित समाज के लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कार्यक्रम संध्या 7:00 बजे तक चलता रहा इस दौरान सिमडेगा जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिला के भी अहीर यादव समाज के लोग उपस्थित थे। इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरिवंश राय विकास गोप, कुंवर गोप,विनोद यादव,सुरेश यादव, आदि सभी शामिल थे

## सेमरिया गांव में इंद जतरा मेला के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** प्रखंड के सेमेरिया गांव में ईंद जतरा मेला का आयोजन रविवार आयोजित किया गया ।मेला में पहान मतियस समद द्वारा ईद जतरा मेला का पुजा अर्चना किया गया एव ईंद झंडा का झंडोत्तोलन किया गया तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत विंशम्भर बड़ाईक द्वारा वंदना गीत से शुरूआत की गई ।जिसके बाद ठेठ नागपुरी गायक जगदीश बड़ाईक, गायक रतन बड़ाईक,बाबुलाल बड़ाईक,सुकांती कुमारी,जीवंती देवी, प्रीति बरला सहित कई अन्य गायक गायिकाओं द्वारा गीत संगीत पेश किया गया ।जिससे उपस्थित दर्शक झुमने लगे,मंच संचालन विंशम्भर बड़ाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन शंकर बड़ाईक ने किया ।जतरा मेला में मिठाई, श्रृंगार सहित कई प्रकार की दुकानें सजायी गयी थी ।इस दौरान ईंद जतरा मेला के संरक्षक शंकर बड़ाईक, अध्यक्ष राजेश बड़ाईक, सचिव तुलसी बड़ाईक, मुकेश बड़ाईक, कृष्णा बड़ाईक,राजा बड़ाईक, रोहित बड़ाईक, अशोक लोहरा,आनंद लोहरा,चतुर बडाईक,अमर लोहरा, अघना खड़िया,राम बड़ाईक सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे,इस दौरान सुरक्षा की दृष्टिकोण से बांसजोर पुलिस प्रशासन भी मौजूद थे।

